हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

आस्था का महापर्व



**आवश्यकता है**
ऑफिस एवं इंस्टालेशन हेतु लड़की/लड़के स्टाफ एवं चैनल पार्टनर हेतु स्वनियोजित व्यक्तियों की आवश्यकता है।
संपर्क
शक्ति सोलर साल्यूशंस, महासमुंद शाखा
मो.8982374628

## अस्त होते सूर्य को दिया अर्घ्य, आज उगते सूरज को करेंगी जल अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रतियों ने सोमवार शाम महामाया मंदिर में स्थित तालाब घाट पर पहुंचकर अस्त होते सूर्य को नमन कर पहला अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने अर्घ्य देने के साथ ही छठ मइया से विश्व कल्याण और परिवार के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। शहर के माहामाया मंदिर में स्थित तालाब घाट के साथ ही अन्य घाटों पर श्रद्धालु पहुंचे। आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन किया जाएगा। शहर में कुछ सालों पहले तक छट पर्व लोग बहुत कम संख्या में मनाते थे। धीरे-धीरे शहर में बिहार प्रदेश के लोगों की संख्या बढ़ने लगी। इसके बाद ये पर्व स्वयं में अलग छटा बिखेरने लगा। वर्तमान में इस पर्व को मनाने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या है। इसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन हर साल इस पर्व के लिए महामाया मंदिर में स्थित तालाब घाट की सफाई करवाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया करवाता है। छठ पर्व मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया था।



### गूंजते रहे छठ मइयां के गीत

गुरुवार को सुबह से हो रही तैयारियों के बीच समाज के लोग सिर पर बांस की टोकरी रखकर छठ मइया के गीत गाते हुए घाटों की ओर बढ़े। इस दौरान श्रद्धालु "हे छठी मइया हर लीं बलैया", "कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए", "रिमिक झिमिक बोलेलीं छठी मइया" आदि छठ गीत गाते हुए छठ पर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया।

### बांस की टोकरी में सजाई पूजा सामग्री

छठ पूजा के लिए बांस से बनी टोकरियों का विशेष महत्व होता है। महिलाएं इस बांस की टोकरी और सूप (छाज) में पूजा की सामग्री रखती है। इसमें मुख्य रूप से चावल, दीपक, सिंदूर, गन्ना, हल्दी, सुथनी, सब्जी, शकरकंदी, दूध, फल, शहद, पान, नींबू, सुपारी, कैराव, कपूर, मिठाई और चंदन के अलावा ठेकुआ, मालपुआ, खीर, सूजी का हलवा, पूरी, चावल के लड्डू आदि सामान रखते हैं। महिलाओं ने पूजा करके अपनी संतान की लंबी उम्र की कामना की।

## खबर संक्षेप

### दुकान से 20 हजार व सामानों की चोरी

**महासमुंद**। ग्राम खट्टा के एक किराना दुकान से नगर 20 हजार रुपए एवं किराना सामानों की चोरी के मामले में थाना पटेवा में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को किराना व्यवसायी अरविंद दीवान पिता भगवतीराम दीवान ग्राम खट्टा ने बताया कि 25 अक्टूबर की सुबह करीबन 6 बजे अपने दुकान जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ थ और दुकान के गल्ले में रखे 20,000 रुपए व कुछ किराना सामानों की चोरी किसी अज्ञात ने कर ली थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### भतीजे के साथ विवाद दीवार को गिराया

**महासमुंद**। दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी पुष्पकांत प्रधान निवासी ग्राम तोषगांव ने बताया कि 24 अक्टूबर की दोपहर करीबन 2 बजे वह अपने घर के छत में ईंट से दीवार जुड़वा रहा था, तभी उसके चाचा विजय गोपाल प्रधान, चाची सौभागिनी प्रधान व उनके बेटे दिलेशकांत प्रधान एवं प्रवेशकांत प्रधान के द्वारा एक राय होकर यह जगह हमारी है कहते हुए दीवार को लात मारकर गिरा दिया गया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम गढ़पटनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को श्रीधर कैवर्त ने बताया कि 26 अक्टूबर की शाम करीबन 6.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ताराचंद कैवर्त ने उसकी पत्नी सोनई बाई से गाली गलौज किया था। इसकी जानकारी होने पर प्रार्थी ने ताराचंद को समझाया। कुछ देर बाद आरोपी ताराचंद कैवर्त द्वारा प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए अपने हाथ में रखे किसी अज्ञात वस्तु से सिर, चेहरा एवं जबड़े में मारकर चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गाली गलौज करने मना करने पर मारपीट

**महासमुंद**। गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को भोला सोनी वार्ड नंबर 11 बसना ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात करीबन 08 बजे घर के सामने गली में मोहल्ले का धरमू सोनी उसकी बहन एवं मां के साथ गाली गलौज कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर प्रार्थी अपने घर के सामने गली मे पहुंचा और धरमू सोनी को समझाया गया। लेकिन आरोपी धरमू सोनी ने आवेश एवं गुस्से में आकर उसके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग।

आंदोलन : अध्यक्ष बोले-समितियों की साख को बचाना होगा

## खरीदी अनुबंध नीति में सुधार नही, 4 से हड़ताल पर कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने प्रदेश महासंघ के बैनर तले विगत दिनों जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शासन को अपनी मांगों से अवगत कराते हुए पूरा किए जाने की मांग की गई। प्रदेश स्तरीय आह्वान के तहत 4 सूत्रीय मांगों के नहीं माने जाने की स्थिति में 4 नवंबर से बेमियादी हड़ताल की तैयारी है।




छतीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा है कि धान खरीद के अनुबंध से कुछ नीतियों में सुधार की महती आवश्यकता है। अगर ऐसा नहीं होता तो किसानों की सोसायटियों की साख पर बुरा असर पड़ सकता है। जिसे बचाना आवश्यक है। संघ के अध्यक्ष साहू ने आगे कहा कि 15 नवंबर से पूर्व कर्मचारियों कि आवश्यक मांगों पर सरकार फैसला लें, ताकि धान खरीद जैसे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत कि जा सके।

### संभाग स्तर में प्रदर्शन आज

जिला स्तर पर पुरे प्रदेश में ज्ञापन रैली आयोजित करने के बाद संघ आज अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रान्तीय रैली का आयोजन कर प्रदर्शन गांधी मैदान धमतरी मे करेंगे। जिसमें जिले के सभी कर्मचारी शामिल होंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री के रायपुर प्रवास के चलते संघ को रायपुर मे धरना आदि की अनुमति नहीं दीं गई। जिसके चलते संघ ने धमतरी में एकजुट होकर हुंकार भरने की तैयारी की है।

### 3 से 11 नवंबर तक संभागीय हड़ताल

संघ की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक एक दिवसीय संभागीय ज्ञापन रैली के पश्चात आगामी 3 नवंबर से 11 नवंबर तक प्रदेश के सभी संभागों मे कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की जाएगी। बात नहीं बनने की स्थिति में 12 नवंबर से प्रदेश स्तर पर हड़ताल छतीसगढ़ सरकार केबिनेट के निर्णय तक की जाएगी। छतीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के इस आह्वान मे धान खरीदी कंप्यूटर संघ का भी पूरा समर्थन होने के चलते समिति के कार्य पुरे ठप्प होने के आसार है।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 को रसोइयों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार

- धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपेंगी ज्ञापन

फिर छत्तीसगढ़ मध्याह्न भोजन रसोईया संघ के आह्वान पर जिले के शासकीय स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईयां तीन नवंबर को हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। इस दिन पटवारी कार्यालय के सामने जिले की रसोईयां एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगी।

रसोईया संघ की प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि गत विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत मानदेय दिए जाने का वायदा किया था। पर तीन साल बीतने जा रहा है पर अभी तक मोदी की गारंटी पर सरकार ने अमल नहीं किया है। इसके अलावा स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद किया जाए, ड्रेस कोड दिया जाए और रसोइयों को समय पर वेतन (5 तारीख को) दिए जाने की मांग है। उन्होंने बताया कि इन चार सूत्रीय मांगों के लिए कई बार धरना-प्रदर्शन व हड़ताल किया गया है। हाल ही में जिला मुख्यालय के प्रवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी मुलाकात कर रसोईया संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने का अनुरोध किया था। इसके अलावा स्थानीय विधायक व सांसद को भी मांग पत्र सौंपा गया है। पर, हमारी मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिले में 1750 प्राथमिक स्कूलें हैं जहां 3694 रसोईयां काम करती हैं। सुबह 10 बजे स्कूल पहुंचकर साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन पकाना व बर्तन साफ करने व काम समेटने में दोपहर 3 बज जाता है। इतना काम करने के बाद भी हमारी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।



प्रदेशाध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिलेभर में बैठक का दौर चल रहा है। रविवार को घोड़ारी में बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि मांगों को लेकर आगामी 3 नवंबर को जिले की सभी रसोईयां हड़ताल रहेंगी। हड़ताल के दौरान किसी भी स्कूल में मध्याह्न भोजन नहीं बनेगा। जिला मुख्यालय के पटवारी कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## जमीन विवाद को लेकर भाइयों के बीच मारपीट, अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सेवाती में जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद के चलते थाना तेंदूकोना में अलग-अलग रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लालदास सोनी पिता गैतराम सोनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसका छोटा भाई श्याामलाल सोनवानी है और वे दोनों भाई अपने-अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। प्रार्थी ने बताया कि उसकी मां के नाम पर करीबन 3.05 एकड भूमि दर्ज है और छोटे भाई श्या मलाल को उसकी मां ने द्वारा करीबन 1.50 एकड़ जमीन जीवनयापन के लिए दिया है। लेकिन उसका छोटा भाई जमीन का खाता विभाजन चाहता है। 25 अक्टूबर को उसने स्टांथप पेपर में दस्त खत कराने अपने पुत्र मनोज को छोटे भाई श्याामलाल के घर भेजा था किंतु उसका छोटा भाई दस्त खत नहीं करूंगा, जमीन का बंटवारा करने के बात कहने लगा। उसी दिन रात करीबन 8 बजे श्यामलाल उसके घर के पास आकर जमीन की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथमारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म ददर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वहीं दूसरी रिपोर्ट में प्रार्थी श्याधमलाल सोनवानी पिता गैतराम सोनवानी निवासी सेवाती ने पुलिस को बताया कि हम लोग दो भाई हैं। उसका बड़ा भाई लालदास सोनी है। दोनों भाई अपने अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं और उसकी मां साधनी बाई बड़े भाई लालदास सोनी के पास रहती हैं। उसकी मां ने कमाने खाने के लिये करीबन 1.50 एकड़ भूमि दी है, लेकिन उसकी मां खाता विभाजन नहीं कर रही है। 25 अक्टूबर को दोपहर करीबन 3 बजे उसका भतीजा मनोज सोनी स्टांकप पेपर लेकर उसके घर आया और बोला कि धान बेचने पंजीयन कराना है, स्टांनप पेपर में हस्तामक्षर कर दो, तब उसने कहा कि खाता विभाजन होने के बाद स्टांप पेपर में हस्तानक्षर करूंगा। इसके बाद भतीजा वहां से चला गया। उसके बाद वह बाजार करने मुनगासेर चला गया। जब वह तो करीबन 8 बजे बडा भाई लालदास सोनी मेरे घर पास आकर जमीन संबंधित स्टां प पेपर में क्योंकिहस्तासक्षर नहीं किये कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो 6 से सिलेंडर की होम डिलीवरी बंद

### कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर गैस एजेंसी संचालकों का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिलेभर में लाखों परिवारों को नवंबर के पहले सप्ताह में गैस की भारी किल्लत झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि, प्रदेशभर में गैस एजेंसी संचालकों ने कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो 6 नवंबर से सिलेंडर की होम डिलीवरी बंद कर दी जाएगी।

बता दें कि वर्तमान में हर उपभोक्ता गैस की होम डिलीवरी करा रहा है। जिनके लिए यह खबर बेहद अहम हो जाती है। क्योंकि प्रदेशभर में गैस एजेंसी संचालकों ने कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो 6 नवंबर से सिलेंडर की होम डिलीवरी बंद कर दी जाएगी।

जिला मुख्यालय के गौरव गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर ने बताया कि गैस एजेंसी संचालक लंबे समय से एचपीसीएल, बीपीसीएल और इंडियन आयल के डिस्ट्रीब्यूटर से कमीशन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। श्री चंद्राकर ने बताया कि बढ़ते डीजल के दाम, कर्मचारियों के वेतन और अन्य खर्चों के बावजूद कमीशन में कोई इजाफा नहीं हुआ है। इसी के विरोध में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने तीन चरणों में आंदोलन का ऐलान किया है। पहले चरण में एजेंसी संचालक और स्टाफ काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। दूसरे चरण में 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे राज्यभर के जिला मुख्यालयों में मशाल और मोमबत्ती जलाकर प्रदर्शन किया जाएगा। तीसरे चरण में 6 नवंबर से "नो मनी, नो इंडेंट" नीति लागू की जाएगी, जिसके तहत जब तक कमीशन नहीं बढ़ता, तब तक ग्राहक से एडवांस राशि लेकर सिलेंडर बुकिंग नहीं की जाएगी। चंद्राकर ने बताया कि एसोसिएशन ने स्पष्ट कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह बंद हो जाएगी।



**लगभग डेढ़ लाख उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है प्रभाव:** मालूम हो कि वर्षों पहले गैस की कालाबाजरी के चलते उपभोक्ताओं को एक गैस सिलेंडर लेने में कई दिनों का इंतजार करना पड़ता था। लोग अपना काम छोड़कर घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते थे। जबकि अब घर बैठे बुकिंग और दूसरे दिन होम डिलीवरी। यदि गैस एजेंसी संचालकों की मांगें नहीं मानी गई, तो जिले के लगभग डेढ़ लाख गैस उपभोक्ताओं को फिर परेशानी उठानी पड़ सकती है।

सीनियर वर्ग में मीरा एवं सब जूनियर वर्ग में अनन्या ने जीता कांस्य पदक

## राष्ट्रीय कुडो टूर्नामिंट में अनन्या प्रधान ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

16वीं राष्ट्रीय कुडो टूर्नामिंट 2025-26 का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में 24 से 27 अक्टूबर 2025 तक कूड़ो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिले से 06 खिलाड़ी जिसमें सब जूनियर वर्ग में अनन्या प्रधान पिता प्रसन्न प्रधान, जूनियर वर्ग में संजना मुन्ना पिता महेश मुन्ना ग्राम सांकरा, मंजू खूंटे पिता राज कुमार खूंटे ग्राम लिमदरहा एवं सीनियर वर्ग में मीरा पंडा पिता मोतीलाल पंडा ग्राम छुवालीपतेरा, उपेंद्र प्रधान पिता धनुर्जन प्रधान ग्राम आरंगी एवं रघुनाथ नेताम पिता गोपाल नेताम शामिल हैं। छत्तीसगढ़ महासमुंद के मीरा पंडा ने सीनियर महिला वर्ग में जम्मू कश्मीर के साथ हुए मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें मध्य प्रदेश के साथ मैच खेलकर कांस्य पदक प्राप्त कर पहले दिन ही खाता खोला था। आज खेले गए मैच में उपेंद्र प्रधान ने जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी से मुकाबला हुआ, मंजू खूंटे ने महाराष्ट्र के खिलाड़ी से मुकाबला किया, संजना मुन्ना ने महाराष्ट्र से मुकाबला किया, अनन्या प्रधान का मैच हुआ। अनन्या प्रधान ने गुजरात के खिलाड़ी से मुकाबला जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कर्नाटका के खिलाड़ी से मुकाबला कर फ़ाइनल में प्रवेश करने में सफल नहीं हुई। अनन्या प्रधान पिता प्रसन्न प्रधान ने टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया।



सूरत गुजरात में ही आयोजित फेडरेशन कप एवं अक्षय कुमार इंटरनेशनल टूर्नामिंट का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित किया गया है, जिसमें महासमुंद जिले के खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन कर पदक जीतने की उम्मीद जताई गई हैं। जिले में कूड़ो खेल को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के पहल एवं सहयोग से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिला कूड़ो संघ द्वारा विगत दो वर्षों से राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर एवं राज्य स्तरीय ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका हैं। जिसमें सिरपुर, भंवरपुर, बागबाहरा एवं सांकरा में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के खेल कौशल में सुधार एवं विकास होने के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी करने में सहयोग मिला हैं।

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन कर 16 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक एवं 21 कांस्य पदक सहित कुल 47 पदक जीतने में सफलता हासिल किया हैं। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतने एवं महासमुंद जिले के खिलाड़ी मीरा पंडा एवं अनन्या प्रधान के कांस्य पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर, जिला शिक्षा मिशन रेखराज शर्मा, मुख्य प्रशिक्षक राजा कौशल, अध्यक्ष लिलिमा, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज कुमार घृतलहरे, उपेंद्र प्रधान, रघुनाथ नेताम ने हर्ष जताया है।

## महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सोरिद में एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया भुनेश्वरी साहू ने बताया कि वह वार्ड नंबर 49 उद्योग भवन चौक काशीराम नगर रायपुर में अपने परिवार के साथ रहती है। उसकी शादी 2016 में लोकनाथ साहू निवासी सोरिद थाना महासमुंद से सामाजिक रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी के बाद हमारे तीन बच्चे हैं। लगभग तीन वर्ष पूर्व हम दोनों पति-पत्नी ने आपस में सामाजिक तलाक ले लिया है। वहीं उसके पति लोकनाथ साहू के साथ रहते हुये दोनों पुत्र पढ़ाई कर रहे है एवं उसके साथ लड़की रहती है। 23 अक्टूबर को वह अपने पापा समारू साहू, भाई डिगेश्वर साहू, बड़ी बहन लता साहू, खेमेश्वरी साहू एवं लड़की कावेरी साहू को साथ लेकर अपने पति लोकनाथ साहू के घर अपनी लड़की की पढ़ाई के लिये वंशावली लेने एवं दोनों लड़कों से मिलने सोरिद गई थी। इस दौरान वंशावली मांगने पर उसके पति लोकनाथ साहू ने तुम लोग हमारे घर क्यों आये हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये डंडे से सिर में मार दिया। जिसे देख सुनकर प्रार्थिया के साथ गए उसके पापा समारू साहू, भाई डिगेश्वर साहू, बड़ी बहन लता साहू, खेमेश्वरी साहू एवं लडकी कावेरी साहू ने बीच बचाव किया। जिसे देख सुनकर मेरे देवर रिखीराम साहू, देवरानी पार्वती साहू एवं सास सुकवंतीन साहू ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किया। मारपीट से मेरे पापा समारू साहू के सिर, भाई डिगेश्वर साहू के पीठ, लता साहू के सिर, खेमेश्वरी के बांये हाथ की भुजा, पीठ, दाहिने बांये जांघ में चोट आई है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप



### कुरूद क्षेत्र के 64 तीर्थयात्री प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, हनुमान मंदिर दर्शन के लिए रवाना

**कुरूद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जनपद पंचायत कुरूद, नगर पालिका कुरूद, नगर पंचायत भखारा से कुल 64 तीर्थयात्रियों को प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, हनुमान मंदिर दर्शन के लिए कृष्णकांत साहू मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, डीएस मरकाम पंचायत इंस्पेक्टर, राकेश ध्रुव करारोपण अधिकारी, झलेश्वर कंवर करारोपण अधिकारी, दिनेश साहू ऑपरेटर, रूपराम साहू ऑपरेटर, प्रभुराम सिन्हा सचिव अनुरक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष साहू ने कहा कि छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक व 70 वर्ष से कम हो, उन्हें शासन की योजना के माध्यम से सहारा बनकर तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है। सारी व्यवस्था शासन की होती है। दाऊ चंद्राकर ने कहा कि तीर्थयात्रा के माध्यम से हिंदू धर्म, सनातन के प्रति आस्था को जगाना है। श्री तारक ने मुख्यमंत्री श्री साय, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, गीतेश्वरी साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष का समस्त तीर्थयात्रियों की ओर से आभार प्रकट किया।

### प्रयागराज, काशी के दर्शन के लिए तीर्थयात्री रवाना

**मगरलोड।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत प्रयागराज, काशी, विश्वनाथ, हनुमान मंदिर के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को रवाना किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जिला पंचायत कृषि सभापति टीकाराम कंवर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी का निधन



**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी कुमेश पटेल (खोलू पटेल) 60 वर्ष का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अंतिम यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई जिसमें समाजजन, ग्रामीण व अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। वर्षों से मां दंतेश्वरी मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा देने वाले कुमेश पटेल अपने सरल स्वभाव, धार्मिक आस्था और निष्ठा के कारण सभी के बीच सम्मानित थे। उनके निधन से ग्रामवासी गहरे दुख में हैं।

### रामचंद बने ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पटेल संघ तहसील गुरूर के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष रामचंद साहू बागतराई, उपाध्यक्ष विजयेन्द्र ध्रुवे दानीटोला, सचिव रामचरण सिन्हा मोखा, सहसचिव समेलाल सिन्हा बोरतरा, कोषाध्यक्ष सूरजराम लावत्रे कोलिहामार, संगठन मंत्री हिन्छाराम साहू पिकरीपार, प्रचार मंत्री शिवलाल साहू देवकोट, मीडिया प्रभारी कमलसिंह साहू डढ़ारी बनाए गए। सरंक्षक केवल सिंह चंदेल सुर्रा, कीर्तनराम साहू पुरूर चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में भगोलीराम साहू बगदेही, गरीबाराम साहू पेरपार, पदुम निषाद उसरवारा, सेवकराम साहू बालोदगहन, अशोक साहू खुंदनी, भूपेन्द्र गंजीर पेंवरो, बावालाल बंजारे डोकला, कुशराम साहू धनोरा, लतखोर सिन्हा भिराई, जीवराखन सिन्हा परसुली, नीलकंठ साहू भूलनडबरी, केशव साहू सनौद शामिल हैं।

# जगन्नाथ मंदिर में सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात

## स्वदेशी जीवनशैली अपनाने ली गई शपथ, छठ पर्व से की मन की बात की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर की पुरातन धरोहर जगन्नाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 127वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के संकल्प के साथ "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी" का संदेश दिया गया। इस मौके पर उपस्थित नागरिकों से स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाकर स्वदेशी जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई।

इस बार के संस्करण में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत छठ महापर्व से की। उन्होंने कहा कि यदि अवसर मिले तो सभी लोग छठ उत्सव में एक बार अवश्य भाग लें, क्योंकि यह भारत की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक आस्था का अत्यंत सुंदर



उदाहरण है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले एपिसोड में उन्होंने त्यौहारों पर स्वदेशी सामान खरीदने और आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाने की अपील की थी। पीएम मोदी ने कहा कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक समान रूप से खड़ा होता है, जो भारत की सामाजिक एकता की सजीव तस्वीर प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान ओडिशा की प्रसिद्ध कोरापुट कॉफी का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका स्वाद अद्भुत है तथा कॉफी की खेती से स्थानीय किसानों और युवाओं को आर्थिक लाभ मिल रहा है। साथ ही उन्होंने 'वंदेमातरम' के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि मां भारती के प्रति प्रेम, ऊर्जा और कर्तव्य का भाव है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 7 नवंबर को वंदेमातरम के 150वें वर्ष के उत्सव में प्रवेश होगा। यह गीत 150 वर्ष पूर्व रचा गया था और 1896 में गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर ने इसे पहली बार स्वरबद्ध कर गाया था।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, रैदास गोयल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, अंजली पांडेय, पार्षद संदीप सेन, पार्षद संतोष डड़सेना, सुरेंद्र पांडेय, रमेश पटेल, किशोर पटेल, सोहन निषाद, पुष्पराज गजेंद्र, आनंदी डड़सेना, चंद्रपाल तारक, लीलाधर तारक, देवकुमार सिन्हा, इंद्रेश्वर सिन्हा, देवनारायण पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भगवान जगन्नाथ को भोग अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया गया।

# मगधा यादव समाज ने मनाया गिरी गोवर्धन पूजा उत्सव, गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

युवा मगधा यादव समाज ने बैदपाली के प्रस्तावित गिरी गोवर्धन उत्सव स्थल पर सर्वप्रथम सभी स्वजातीय बंधु, भगिनी, युवाओं, बालगोपालों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा पीतांबरी वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा गाजे-बाजे, आतिशबाजी, यदवीकला, दोहों का प्रदर्शन करते हुए गांव की गलियों का भ्रमण कर पूजन स्थल पहुंचा। पूरा गांव जय यादव, जय माधव, जय श्री कृष्ण, गिरी गोवर्धन की जय, जय मां समलेश्वरी के नारों से आसमान गूंजने लगा। तत्पश्चात ग्राम पुरोहित नरेंद्र महाराज द्वारा मंत्रोपचार कर विधिवत पूजा-अर्चना कर मूर्ति स्थापना की गई।

अन्नकूट कार्यक्रम में गौ माताओं को हार पहनकर तिलक, चंदन से पूजा अर्चना कर भोजन, फल खिलाई गई। मुख्य अतिथि, अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से गाजे-बाजे के साथ किया गया। उद्बोधन की कड़ी में प्रांतीय सचिव मगधा यादव समाज छग दुर्वादल दीप ने कहा कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को धारण कर इंद्र के अहंकार को शांत करने की पावन स्मृति में मनाया जाता है। मगधा यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष फकीर कठार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक धरोहर को बचाया जा सकता है। पूर्व सरपंच प्रफुल्ल प्रधान ने आयोजन की सराहना की। शबरी सौंरा समाज के केंद्रीय कोषाध्यक्ष युवराज रावल ने कहा



कि सामाजिक विकास के लिए हमें अपने बच्चों को अधिकतम शिक्षा देना होगा एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी अपने प्रतिनिधित्व तय करना होगा, तभी समाज सशक्त बन सकता है। संध्याकालीन कार्यक्रम में महाआरती कर प्रतीकात्मक बनाए गए गिरी गोवर्धन पर्वत की श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर अपने गांव, क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। कृष्ण की पूजा एवं अन्नकूट के दर्शन किए। जिसमें विविध प्रकार के व्यंजन भगवान को भोग के रूप में अर्पित किए गए।

इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में (पाला) नाच तथा महाप्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। दूसरे दिन कलश विसर्जन कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बैदपाली आरती प्रधान, अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मगधा यादव समाज हीराधर बगर्ती, विशिष्ट अतिथि उप सरपंच रामलाल बुड़ेक, भूतपूर्व सरपंच प्रसन्न प्रधान, सरपंच प्रतिनिधि निशीत प्रधान, मगधा यादव समाज जिला सचिव ओमप्रकाश छत्रपति, शाखा सभा देवलभांठा अध्यक्ष कृष्टो टांणी, वरिष्ठ सदस्य विजय यादव, प्रकाश यादव, राधेश्याम यादव, गोपाल नाग, भूपेश यादव, गिरीश यादव, प्रहल्लाद यादव, हबीब महाकुर, धनुर्जय यादव, विक्की यादव, कार्तिक यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सभा देवलभांठा सचिव सुरेंद्र भोई ने किया।

### 323 श्रद्धालु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत हुए प्रयागराज काशी रवाना



महासमुंद। जिले के पांचों विकासखंडों से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कुल 323 श्रद्धालु 18 बसों के माध्यम से तीर्थस्थल प्रयागराज, हनुमानगढ़ एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए। 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित उक्त पांच दिवसीय यात्रा में रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं का मेडिकल चेकअप हुआ। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, येतराम साहू, पवन पटेल, राजू चंद्राकर, माखन पटेल, मीना वर्मा, रिंकू चंद्राकर, शरद मराठा, राकेश चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि महासमुंद जनपद से 52, बागबाहरा से 47, पिथौरा से 50, बसना से 40, सरायपाली से 43, नगरपालिका महासमुंद से 50, बागबाहरा से 6, सरायपाली से 15, तुमगांव से 6, पिथौरा से 6 तथा नगर पंचायत बसना से 5 श्रद्धालु शामिल हैं। इनके साथ कुल 9 अनुरक्षक भी यात्रा पर गए हैं।

# जनगणना प्री-टेस्ट कार्य के लिए चयनित गांवों के भवनों का हो रहा नंबरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी जनगणना की तैयारी के तहत जिले में जनगणना प्री-टेस्ट (पूर्व परीक्षण) कार्य प्रारंभ किया गया है। इस अंतर्गत तहसील महासमुंद के झलप अंचल के 24 ग्रामों का चयन परीक्षण क्षेत्र के रूप में किया गया है। वर्तमान में इन ग्रामों में प्रारंभिक तैयारी के तहत भवन नंबरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे आगामी जनगणना की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सटीक बनाया जा सके।

भवन नंबरीकरण कार्य का निरीक्षण जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर से आए अधिकारियों संतोष मेंढे एवं बैद्यनाथ कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान



अधिकारियों ने ग्रामों में घर-घर जाकर चल रहे नंबरीकरण की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्य की गुणवत्ता और सटीकता की जांच की। इस दौरान महासमुंद तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, हल्का पटवारी देवेंद्र इंगोले सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निदेशालय के अधिकारियों ने स्थल पर कार्यरत टीम को आगामी जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि भवन नंबरीकरण जनगणना की एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्रत्येक घर, संस्था और भवन की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाती है। यह जानकारी आगे चलकर परिवार गणना एवं सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आधार बनेगी। अधिकारियों ने क्षेत्रीय कर्मचारियों को कहा कि वे नंबरीकरण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें तथा आंकड़ों की सटीकता और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें। जनगणना प्री-टेस्ट का उद्देश्य मुख्य जनगणना से पूर्व फील्ड प्रक्रिया, उपकरणों एवं डाटा संग्रह पद्धति की व्यवहारिकता का परीक्षण करना है, ताकि वास्तविक जनगणना के समय कार्य त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके।

# बोड़रा में हुआ शिक्षक सम्मान एवं दीपावली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

सप्त ऋषि बाल मंडली के तत्वावधान में ग्राम बोड़रा में दीपावली मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य आयोजनकर्ता बाल मंडली अध्यक्ष अशोक कश्यप और ग्रामवासी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस थे। अध्यक्षता अशोक कश्यप ने की। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, शशि ध्रुव, सरपंच शत्रुघ्न नाग एवं शिवदयाल साहू रहे।

इस अवसर पर प्रधान पाठक महेंद्र बोरझा, भूपेश बनपेला, गोविंदराम निषाद, गौरी साहू, पद्मावती ध्रुव को शाल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रकाश बैस ने कहा कि बोड़रा स्कूल की शिक्षण पद्धति अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत है। दीपावली एकता और स्वदेशी अपनाने का संदेश देती है। प्रधानपाठक श्री बोरझा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और समाज निर्माण होना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, सप्त ऋषि बाल मंडली सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अखाड़ा कलाकारों की हैरतअंगेज कला देख दर्शक दांतों तले उंगली दबाने हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड

दीपावली, गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन ग्राम अरौद में मातर महोत्सव का आयोजन जय बजरंग अखाड़ा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया गया।

■ अरौद में मातर महोत्सव पर हुआ आयोजन

अखाड़ा समिति के कलाकारों ने हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन कर हजारों दर्शकों का मनमोह लिया। जलती हुई लोहे की रिंग में पार होना, सिर के ऊपर आग लगाकर नाश्ता बनाना, सीने में पत्थर रखकर हथौड़े से फोड़ना, दर्जनों ट्यूब लाइट को सीने के बल तोड़ना, एक व्यक्ति पर तीन सवारी मोटर चलाकर पार करना, एक मोटर साइकिल में 6 लोगों की सवारी करना, दस फीट उपर चढ़कर पैर को बांधकर झूलते हुए दर्जनों ट्यूब लाइट को सीने के बल तोड़ना जैसी कई कला की प्रस्तुति देख दर्शक दांतों तले उंगली दबाने मजबूर हो गए। मंच संचालन साधुराम साहू ने किया।







# छिपली में सुनी गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात



भाजपाइयों ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम ग्राम छिपली में 26 अक्टूबर को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सरपंच श्रीमती लिकेश्वरी पोटाई के निवास पर हुआ।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व जिला महामंत्री नागेंद्र शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला आईटी सेल प्रभारी दिव्येंद्र सिंह परिहार, महामंत्री रूपेंद्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष गुरुप्रसाद साहू, ग्राम पटेल मनहरणलाल साहू, सरजूराम साहू, जीवनलाल सार्वा, घेवरचंद साहू, दिनेश बंजारे, मोनू पोटाई, धनेश्वर पोटाई, विष्णु पुजारी, नरोत्तम साहू, संजय नागरची, मीराबाई चंदन, सुनीति साहू, राधाबाई ध्रुवा, दुर्गा सार्वा, ईश्वरी कोसमा, पूर्णिमा साहू, डिगेश्वरी पोटाई सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना गया। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 के संकल्प के तहत स्वदेशी संकल्प पत्र भरते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## नगरी में सुहागिन महिलाओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ रखा छठ व्रत

# सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर दिखी आस्था की अद्भुत छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का आयोजन बड़ी ही श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखकर भगवान सूर्यदेव और छठी मइया की आराधना की।

प्रातःकाल से ही महिलाएं व्रत रखकर व्रत विधि की तैयारियों में जुटी रहीं। शाम को घाटों को गन्ने



के मंडप से सजाया गया था।

नगर के माता तालाब शीतला मंदिर के किनारे पूजा स्थल को विधि विधान से सजाया गया। छठ गीतों की गूंज और दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति से अर्घ्यदान करते हुए सूर्यदेव से अपने परिवार की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। छठ पर्व के अवसर पर नगर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर उमड़ी और चारों ओर भक्ति की भावना झलकती रही।

# कोड़ापार में मातर महोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶|जीजामगांव

दीपावली पर्व पर ग्राम कोड़ापार में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान लोककला मंच प्रेम के पीरा ग्राम डुमरपाली जिला कांकेर की अनुपम प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी थे। अध्यक्षता भीम साहू सरपंच ने की।

विशेष अतिथि जीवन साहू अध्यक्ष दरबा सोसायटी, अनुराग साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरुद, रामलाल साहू पूर्व जिपं सदस्य प्रतिनिधि, मेघनाथ यादव उपसरपंच, झम्मन साहू पंच, कुंदन साहू बूथ अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण, परदेशी यादव अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, दुरेन्द्र साहू पूर्व सरपंच, दुखित यादव, पवन नवरंगे, मदन यादव, नारायण साहू, तुकाराम यादव, गंगाराम यादव, गुमेश यादव, रेवाराम यादव, राजेंद्र यादव, रेखराम यादव, मनोहर धीवर, सनत यादव, गिरधारी यादव, सुरेश यादव थे।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज का आंवला नवमी 30 को, सम्मानित होंगे समाज के प्रतिभावान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 30 अक्टूबर गुरुवार को समाजिक भवन में आंवला नवमी मनाया जाएगा। इस पावन पर्व पर विद्वान पुरोहितों द्वारा कार्तिक मास की महत्ता को उधृत करते हुए पूजन पश्चात समाज के धरोहर वृद्धजनों, प्रतिभावान विद्यार्थियों व खेल या अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महिलाओं व बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं समाजिक चर्चा पश्चात आंवला नीचे सामूहिक भोज किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने सभी विप्रजनों को कार्यक्रम में उपस्थित रहकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### महाहुंकार रैली आज

**पुरी।** सहकारी कर्मचारियों की महाहुंकार रैली 28 अक्टूबर को धमतरी के गांधी मैदान में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 2 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह कुर्रा में जय मां बमलेश्वरी सेवा समिति, मानव सेवा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 2 नवंबर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन साहू समाज भवन में किया गया है। यह जानकारी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने दी है।

### खिसोरा में शिव महापुराण कथा 3 से

**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा में 3 से 10 नवंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा सीहोर होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक परिवार सुमित्रा, जागेश्वर साहू, देविका, हरिश्वर साहू, युवराज साहू, योगराज साहू समेत ग्रामवासी हुए हैं।

# ठुमसा में जोत से जोत जलाते चलो, को लेकर हुआ दीपावली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बोडरा के आश्रित ग्राम ठुमसा में दीपावली मिलन समारोह 2025 विषय जोत से जोत जलाते चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। हेमलता राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन में नया प्रकाश लाना और समाज से नशा, हिंसा जैसे अपराध पर रोक लगाने समुदाय के बीच जाकर उसके दुष्परिणामों पर जानकारी देकर ज्ञान रुपी जोत घर घर जलाने का संकल्प लेना। कार्यक्रम का संचालन युवा शक्ति मुकेश प्रजापति ने किया।





सर्वप्रथम भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। फिर ग्राम प्रमुख पोखराज प्रजापति द्वारा सभी का नारियल गुलाल से स्वागत किया गया। उपस्थित सदस्यों का स्वागत परिचय कर कार्यक्रम हुआ। पोखराज प्रजापति द्वारा स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि आपसी तालमेल भाईचारा आपसी प्रेम सौहार्द्र का पर्व दीपावली है, इसलिये हमें इसे मिलजुलकर मनाना चाहिए और सभी को बधाई देकर संकल्पित होना चाहिए। कार्यक्रम में दूसरे वक्ता के रुप में ग्राम पंचायत जोगीडीपा के सरपंच सिया नंदे ने गांवों में महिलाओं और युवाओं को आगे आने का आव्हान किया। ग्राम पंचायत बोडरा के उपसरपंच राजू ध्रुव ने अपने गांव के समुदाय को आगे आकर पंचायत और गांव को अपने चिन्हारी जैसे दीपावली त्यौहार को पारंपरिक रुप से मनाने का आव्हान किया। ग्राम पंचायत बोडरा सरपंच नूतन चंद नायक द्वारा आयोजन समिति के प्रयास और युवाओं की भागीदारी उत्साह और संकल्प इच्छा शक्ति की प्रशंसा की। दीपावली की जोत से जोत जलाओ संकल्प में सभी ग्राम पंचायत के लोगों को अपने गांव को नशामुक्ति और सार्वजनिक उपयोग के स्थान और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य टी. ज्योति दुर्गाराव द्वारा उपभोक्ता के अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और आयोग तक अपनी समस्या पहुंचाने की बात कही गई।

कार्यक्रम में युवाओं एवं स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम सुआ, राऊत नाचा एवं अन्य छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने ग्राम विकास समिति, ग्राम महिला संगठन महिला समूह से तरुण निषाद, सेवकराम ध्रुव, पंचराम ध्रुव, नूतनचंद नायक, सोहद्रा ध्रुव, चोवा ध्रुव, मखयारिन सेन, बिराजो ध्रुव, मोतिम विश्वकर्मा, कुमारी साहू, भारती ध्रुव, अर्चना राजपूत, निर्मला ध्रुव, रुखमणी निषाद, उर्मिला साहू, दयाबाई साहू, पुन्नी राजपूत, तिलकराम साहू, गजानंद यादव, देवनाथ निषाद, कन्हैया निषाद आदि का सहयोग रहा।

# स्वाध्याय केंद्र समिति ने सितली नाला के पुनर्जीवन पर बुलाई महत्वपूर्ण बैठक

## शहर के पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर ऐतिहासिक कदम की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस परियोजना को तत्काल आगे बढ़ाने पर जताई सहमति**

स्वाध्याय केंद्र समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा शाम 07 बजे स्वाध्याय केंद्र कार्यालय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में विलुप्त हो चुके सितली नाला को पुनर्जीवित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर विचार-विमर्श करना रहा।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस परियोजना को तत्काल आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। समिति ने इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने के लिए सर्व समाज के सहयोग की अपेक्षा की है और एक व्यापक समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया है। सितली नाला परियोजना को एक



जन-अभियान का रूप देने के लिए, स्वाध्याय केंद्र समिति ने समाज के सभी वर्गों और संस्थाओं से सहयोग की अपेक्षा की है। प्रमुख रूप से शहर के सभी समाज जैन, सिंधी, सिख, माहेश्वरी, यादव, कुर्मी, साहू, कलार, देवांगन, सोनार, गोंड, उत्कल, सतनामी, मेहर समाज के साथ अन्य सभी समाज के सहयोग और शहर में गठित सभी संघ तथा सभी एसोसिएशन से सहयोग के लिए संपर्क किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी संघ, व्यापारी संघ, क्षेत्र के सांसद व विधायक, नपाध्यक्ष, पार्षदगण और सभी गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से इस परियोजना में सक्रिय भागीदारी का अनुरोध किया जाएगा।

समिति का मानना है कि शहरवासियों के सामूहिक सहयोग और व्यापक भागीदारी से ही इस परियोजना को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा सकता है और सितली नाला को उसका पुराना स्वरूप लौटाया जा सकता है। अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही ने कहा कि सितली नाला का पुनर्जीवन सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि शहर के भविष्य के लिए एक आवश्यकता है। हम सभी से अपील करते हैं कि वे इस पुनीत कार्य में आगे आएं और सितली नाला के विकास में अपना योगदान दें। बैठक में स्वाध्याय केंद्र समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सचिव मोहन साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, सदस्य रितेश गोलछा, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, सुरेंद्र महाराज और केंद्र प्रभारी सुरेंद्र ठेठवार उपस्थित थे।

# भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश सचिव बने मेश्राम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक रायपुर में हुई। जिसमें प्रदेश इकाई का गठन किया गया। उपरांत भारतीय बौद्ध महासभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े द्वारा महासमुंद निवासी बीपी मेश्राम को भारतीय बौद्ध महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदू पाटिल द्वारा विधिवत शपथ दिलाई गई।

बता दें कि बीपी मेश्राम सामाजिक विभिन्न संगठनों में हमेशा सहभागी होते है और पूर्व अधिवक्ता रहकर आज शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे है। वे सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश विधिक सलाहकार भी है। उनकी इस नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन महासमुंद के जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, अजय बंजारे, विजय राजपूत, आत्माराम साहू, राजेश चंद्राकर, लव निर्मलकर, लोकेश्वर मोगरे सहित अनेक शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### बनपचरी में मृतक के परिजनों से भाजपाइयों ने की मुलाकात, न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

**महासमुंद।** झलप क्षेत्र के ग्राम बनपचरी के युवक शत्रुघन खड़िया ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। कुल मिलाकर यह दर्शाता है कि पटेवा थाना की लापरवाही के कारण मृतक शत्रुघन ने आत्महत्या की। जिस प्रकार से ईंट भट्ठा के दलालों का जाल फैल रहा है, ईंट भट्ठा ले जाने वाले जो अवैधानिक दलाल हैं उनको पूरा प्रश्रय पटेवा थाने के पुलिस प्रशासन से मिला हुआ है। जिसके कारण इस प्रकार की घटनाएं हो रही है और एक भरे.पूरे परिवार के गरीब आदमी को आत्महत्या करनी पड़ी, जो कि बड़ा दुखद है। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा और भाजपा पटेवा पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, डॉ सोमनाथ सिन्हा, संतोष ध्रुव, अलेख ध्रुव, शोभाराम कुंभकार, भानु यादव समेत भाजपा नेताओं ने युवक के घर जाकर मृतक शत्रुघन के पिता राजाराम खड़िया सहित पूरे परिवार से मिल कर सांत्वना प्रदर्शित की और कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का प्रयास गृह मंत्री से मिलकर किया जाएगा। शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल गृह मंत्री से मिलकर के मांग करेगा कि पटेवा टीआई को तत्काल निलंबित कर प्रकरणों की जांच कर बर्खास्त भी किया जाए। जिन प्रकरणों में घूस लेने की बात आई है उसके लिए निलंबित या विभागीय जांच की बजाय एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए।.



# राष्ट्र और संस्कृति को उत्कर्ष पर ले जाने में पर्वोत्सवों का विशिष्ट योगदान: अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा आभासी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथ के रूप में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल आमंत्रित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम वाजपेयी इंदौर ने की। मुख्य वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि नागरी डॉ हरिसिंह पाल, लिपि परिषद नई दिल्ली के महामंत्री सुरेशचंद्र शुक्ल, शरद आलोक, ओस्लो नार्वे के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ प्रभु चौधरी, डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी मुंबई, डॉ रश्मि चौबे गाजियाबाद उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कहा कि भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व उत्सव लोकजीवन को सार्थक दिशाबोध देते हैं। राष्ट्र और संस्कृति को उत्कर्ष पर ले जाने के लिए इनका विशिष्ट योगदान है। भारत के पर्व-उत्सव 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' के सशक्त संदेश है। ये हमारी आंतरिक प्राणवत्ता में लगातार अभिवृद्धि करते हैं। हमें जीवन को उत्साह पूर्ण जीने की प्रेरणा देते हैं। इन पर्वों के जरिए हम पौराणिक आख्यानों, समृद्ध अतीत और विरासत से आज की युवा पीढ़ी को रूबरू कराते हैं। और यही हमारा कर्तव्य भी है। क्योंकि आगे चलकर इस युवा पीढ़ी को ही भारत की समृद्धि में श्री वृद्धि करना है। मुख्य वक्ता प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय पर्वोत्सव दुनिया में विलक्षण हैं। उनका इस देश की भूमि, भूगोल और खगोल से गहरा संबंध है। विविध पर्व और उत्सवों में पुराख्यान के साथ स्थानीय संस्कृति और लोककथाओं की गहरी छाप दिखाई देती है। अध्यक्षता कर रहे हरेराम वाजपेयी ने कहा कि व्रत, पर्वोत्सवों ने देश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ एकता को मजबूती देने में अविस्मरणीय भूमिका निभाई है। नागरी लिपि परिषद के महामंत्री डॉ हरिसिंह पाल ने कहा कि दीपावली पर्व बाहर के साथ अंदर की शुद्धि और पवित्रता का पर्व है। उत्सव और पर्वों को सभी को मिल जुलकर मनाना चाहिए, तभी उनकी सार्थकता है।



सुरेश चंद्र शुक्ल ने कहा कि दीपावली सहित विभिन्न पर्व उत्सव हमारे कृषि जीवन से जुड़े हुए हैं। विविध फसलों से प्राप्त सामग्री को आस्था के साथ देवताओं को अर्पित किया जाता है। डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। भारतीय परंपरा में निरन्तर परिवर्तित होने वाले जीवन चक्र को महिमा मिली है।

भरथरी की कथा और काव्य इसी बात को प्रतिबिंबित करते हैं। स्वागत भाषण डॉ प्रभु चौधरी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री उज्जैन ने दिया। लोक गायक सुंदरलाल मालवीय ने कविवर डॉ शिवमंगल सिंह सुमन के गीत की प्रस्तुति दी। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ हरीशकुमार सिंह, मेरुप्रभा मिश्रा, डॉ श्वेता पंड्या आदि सहित देश-विदेश के अनेक साहित्यकार, संस्कृति कर्मी और शिक्षाविदों सम्मिलित थे। वाग्देवी वंदना और संचालन श्वेता मिश्रा बेंगलुरु एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि चौबे गाजियाबाद ने किया।

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल में हार कोई मायने नहीं रखती: तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में हार कोई मायने नहीं रखती, हारने वाली टीम भी जीतने वाली टीम के बराबर की ही मानी जाती है। विजेता टीम के मुकाबले हारने वाली टीम को और अधिक प्रयास करने चाहिए। ताकि अगले मुकाबले में विजय हासिल कर सके। उक्त विचार भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू के है। ग्राम लहंगर में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का कार्यक्रम में तुषार साहू शामिल हुए।

इस प्रतियोगिता में सेनकपाट, गुरुडीह, सिरपुर, ख़मतराई आदि 21 गांवों की टीमों ने भाग लिया। तुषार साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी ध्यान दें और खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में विशेष ध्यान देते हुए अव्वल स्थान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे नशे प्रवृति से दूर रहे, नशा शरीर को खोखला कर देता है तथा समाज को भी खोखला कर देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे नशे की प्रवृति से दूर रहे और अन्य खिलाड़ियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव-गांव में खेल स्टेडियम, व्यायाम शालाएं व अन्य खेलों का सामान खिलाड़ियों को उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश सरकार की अच्छी खेल नीति के परिणाम स्वरुप ही प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक व अन्य विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की बेटियां भी खेलों में नाम कमाया है तथा समाज में अच्छा मुकाम हासिल किया है, बेटियां भी देश के लिए खेलों में मेडल जीत रही है।



इस अवसर पर विजेता टीमों के खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिन्हा, संतोष, सुरेश, महेश, उमेश, शेखर, सहित ग्राम पंचायत के सदस्य व विभिन्न गांवों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कबड्डी स्वस्थ मनोरंजन का बेहतर साधन : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी क्षेत्र के ग्राम खुटेरी (तुसदा) में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने ग्राम के देवी-देवताओं, बजरंग बली की पूजा-अर्चना कर सभी की खुशहाली की कामना की। श्री साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने नपाध्यक्ष का श्रीफल भेंटकर व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में महासमुंद पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि कबड्डी ही ऐसा खेल है। जिसमें मन, मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को कबड्डी के माध्यम से उभरकर सामने आने का अवसर प्राप्त होता है। युवा समिति की पहल सराहनीय है, सभी ने अपने बड़ों का मार्गदर्शन प्राप्त कर गांव में यह बेहतर आयोजन किया। स्पर्धा के माध्यम से गांव के युवाओं को एक पहचान मिलती है। क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों से कबड्डी टीम के युवा खिलाड़ी भाग लेने पहुँचे हैं। इनके माध्यम से खुटेरी गांव की एक सकारात्मक छवि सामने आई है।



उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी अत्यंत लोकप्रिय खेल है। एक एक बेहतर स्वस्थ मनोरंजन का साधन है। उन्होंने आयोजन के लिए समिति सदस्यों, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों व सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### विधायक ने जिला अस्पताल में किया नवजात शिशुओं के लिए किट का वितरण

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण किया। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष, अजय चोपड़ा, राजेंद्र चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, चंद्रशेखर बेलदार, दिनेश रूपरेला, शरद राव, धीरज सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**



## पौधरोपण, शपथ एवं चित्रकला स्पर्धा हुई

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत महासमुंद के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय वेटनरी पॉलिटेक्निक में किया गया। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा पौधरोपण के साथ-साथ शपथ एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. देवेश गिरी गोस्वामी वेटनरी पॉलिटेक्निक, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंदा देवांगन, काशिफ रजा, शैलेश विशाल उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ देवेश गिरा ने युवाओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवनदायिनी है। इस अवसर पर युवाओं ने पौधे लगाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ली। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशु दुबे, द्वितीय सरस्वती जायसवाल एवं तृतीय साक्षी कुजूर रहे। मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मां, प्रकृति और हरियाली जैसे विषयों पर युवाओं को जागरुक किया गया।

**निधन**

### उतरा यादव



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के बैगा पारा निवासी उतरा यादव (50) का देहांत 23 अक्टूबर को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे संतोष कुमार यादव की पत्नी व खेमचंद यादव की मां एवं प्रेमचंद यादव के भाभी थीं।

**चर्चा:** आयोजन के लिए विभिन्न समाज महिला प्रमुखों की हुई बैठक

# नगर में 51 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ 31 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर में 51 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 31 दिसंबर से 03 जनवरी 26 तक होना समस्त नगर एवं क्षेत्र के लिए गौरवशाली उपलब्धि होगी। इस महायज्ञ को सभी के सहयोग से सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार महिला मंडल द्वारा गायत्री शक्ति पीठ में विभिन्न समाज की महिला प्रमुख धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली महिलाओं की उपस्थिति में बैठक हुई। वातावरण भक्तिभाव और उत्साह से परिपूर्ण था। जब चर्चा वेदमाता गायत्री महायज्ञ की हुई, तो सबके हृदय से एक स्वर में यह भाव निकला कि जहां वेदमाता गायत्री का महायज्ञ होता है, वहां किसी भी वस्तु की कमी नहीं रहती। क्योंकि, मां का आशीष स्वयं सबसे बड़ा धन है।



**बैठक में जुटीं विभिन्न समाज की महिलाएं**

बैठक में प्रमुख रूप से डॉ सुजाता पटेल, बलजीत कौर सलूजा, सुजाता साहू, मंजू अग्रवाल, शांति सलूजा, वीणा अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, पुष्पलता चौहान, शांति मिश्रा, सीता सतपथी, ललिता अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, वर्षा साहू, सीता अग्रवाल, रुक्मिणी अग्रवाल, पार्वती यादव, करिना यादव, शिखा पांडेय, किरण अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सरिता साहू, राजकुमारी साहू, रीना देवता, ट्रस्टी पद्मालया दास, ट्रस्टी सरला कोसरिया, बबीन प्रधान, मैथिली भोई, प्रेमशीला साहू, मंजू साहू, नीलम ठेठवार, योगिता खोडियार, चंद्रकांति बारिक, जागृति देवता, रश्मि देवता, राजकुमारी चौहान, पद्मिनी भोई, निरुपमा देवता, अनुपमा सतपथी, नीलिमा प्रीति साहू, चंद्रकांति गुप्ता, प्रज्ञा, सरिता साहू, दुशीला बरिहा, मंजू साहू आदि उपस्थित थीं।

उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर से तन मन तथा धन से सहयोग की बात कही तथा कलश यात्रा में शामिल होने पर सहमति जताई। ट्रस्टी और महिला मंडल प्रमुख राजकुमारी साहू ने कहा कि यज्ञ से जगेगा संसार बढ़ेगा समाज में सद्भावना। यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है। क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी में संस्कार जागृति होते हैं। समाज में सद्भावना और भाई चारा प्रगाढ़ होते हैं। आवश्यकता है कि हम अपनी संस्कृति और परंपरा को आत्मसात करें। यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है। एकजुट होकर सेवा सद्भावना और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के विषय में विस्तार से जानकारी दी 2025/26 नारी सशक्तिकरण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

# पंचायत ने दिखाई सक्रियता, छठ घाट और मैदान की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप


हरिभूमि
आस्था से भरपूर छठ पर्व, लेकिन झलप में पूजा स्थल की साफ-सफाई पर उठे सवाल

हरिभूमि में प्रकाशित समाचार "आस्था से भरपूर छठ पर्व, लेकिन झलप में पूजा स्थल की साफ-सफाई पर उठे सवाल" और "मिडिल स्कूल मैदान की गंदगी अब बनी गोवंश के लिए खतरा" का त्वरित असर देखने को मिला। समाचार प्रकाशित होने के बाद झलप पंचायत ने सक्रियता दिखाते हुए तालाब घाट और मिडिल स्कूल मैदान दोनों की सफाई करवाई गई।

ग्राम पंचायत के निर्देशन में पंचायत के सफाई कर्मियों ने सुबह से ही सफाई अभियान चलाया। तालाब घाट पर जमा गंदगी को पूरी तरह हटा दिया गया। घाट अब स्वच्छ और आकर्षक दिख रहा है। वहीं मिडिल स्कूल मैदान में पड़ी झिल्ली, पन्नियां और अन्य कचरे को भी साफ कर मैदान को पूरी तरह से व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है।

स्थानीय लोगों ने हरिभूमि समाचार पत्र का आभार जताते हुए कहा कि समाचार के प्रकाशन से प्रशासन और पंचायत हरकत में आई, अब घाट और मैदान दोनों जगह सफाई देखकर खुशी हो रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि आने वाले दिनों में सफाई व्यवस्था को नियमित रखने के लिए कर्मचारी लगाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहे और ग्रामीण बिना किसी असुविधा के मैदान और तालाब के घाट का उपयोग कर सकें। अब झलप का तालाब घाट और स्कूल मैदान दोनों अब पहले से स्वच्छ दिख रहे हैं।



# बलौदा में जहरीली शराब से हुई मौतें शासन प्रशासन की नाकामी का प्रतीक : चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

**विधायक चातुरी नंद ने की मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटना की उच्च स्तरीय जांच और मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग**



सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने बलौदा क्षेत्र में जहरीली शराब से हुई तीन मौतों को "गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और शासन-प्रशासन की नाकामी" करार देते हुए मीडिया को जारी बयान में कहा है कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि अवैध शराब माफियाओं और प्रशासन के गठजोड़ का परिणाम है।

बता दें कि विगत दिनों सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलौदा में जहरीली कच्ची शराब के सेवन से तीन व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के आदिवासी समाज के बल्लभ मांझी पिता गोपाल मांझी, श्रवण सोनी पिता धनुर्जय सोनी एवं नेहरू सोनी पिता धनुर्जय सोनी की मौत जहरीली कच्ची शराब पीने से हुई है। तीनों की मृत्यु से पूरे क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों और महिलाओं ने बलौदा थाना में ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# डीघेपुर में डीजे डांस प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

श्रीराम जानकी मंदिर समिति डीघेपुर द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरर्षोत्तम घृतलहरे ने की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, सरपंच गिरजा ठाकुर, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मानराखन ठाकुर, उपसरपंच वरुण राजपूत, रवि अग्रवाल, मनोज डड़सेना, अजय डड़सेना, ताराचंद देवांगन, भूषण दीवान, पुनीत सिंहा एवं परिमल मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने रामचंद्र के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन कर की। मुख्य अतिथि भिखम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम गांवों में आपसी भाईचारे और सौहार्द का वातावरण बनाते हैं। अध्यक्ष पुरर्षोत्तम घृतलहरे ने कहा कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। विशिष्ट अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। आने वाले समय में यही युवा गांव का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करेंगे। इस अवसर पर हेतराम साहू, बजरंग पटेल, इलेश साहू, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, हम्मन ठाकुर,



विद्यासागर ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, धनेश्वर ठाकुर, विश्राम ठाकुर, परदेशी दास, मुकेश राजपूत, नेपाल श्याम, छमा ठाकुर, राधा ध्रुव, तुलसी बाई, प्रमोद निषाद, तिलक साहू, खेमसिंह ठाकुर, मीना लक्ष्मी, बुंदेश्वर ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, शत्रुघ्न पटेल, लक्ष्मी ठाकुर, शीतल ठाकुर, अनुरूप ठाकुर, इंद्रकुमार ठाकुर, छबिराम ध्रुव, माधुरी हलधर, प्रेमशंकर भोई, सुपेश पटनायक, काशीराम सेन, पंचराम ठाकुर, भानुप्रताप कुमारी, नरेंद्र ध्रुव, राधेश्याम ठाकुर, नानू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा, मिलता है अनुशासन: भीखम

## धरमपुर में हुई कबड्डी स्पर्धा, तीनों ही टीमों में आदिवासी समाज के खिलाड़ियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धरमपुर में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता युवा मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

फाइनल मुकाबला पाटनदादर और सोरिद की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक संघर्ष के बाद सोरिद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि, द्वितीय स्थान पाटनदादर और तृतीय स्थान गुलझर की टीम रही। प्रतियोगिता में तीनों ही टीमों में आदिवासी समाज के खिलाड़ियों ने सक्रिय भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे ग्रामीण खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते हैं तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में ताराचंद देवांगन भाजपा मंडल महामंत्री, धरम दीवान पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूरन सबर अजजा मोर्चा अध्यक्ष, ओमप्रकाश ध्रुव भाजपा नेता, मोहित बरिहा, सोहन बरिहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद साहू सरपंच ग्राम पंचायत धरमपुर ने की। समापन अवसर पर विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के खेलकूद कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

# कका-भतीजा नाचा गम्मत के कलाकार महाराष्ट्र के गांवों में मचा रहे धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कका भतीजा नाचा गम्मत के संस्थापक रंजीत चक्रधारी एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिले के दूरांचल ग्राम टेमली, कोहका, जामनारा एवं महाराष्ट्र बार्डर से लगे ग्राम सांगली जैसे गांवों में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक पारंपरिक विधा नाचा गम्मत प्रस्तुत करते हुए शिक्षाप्रद कहानी, बाल-विवाह, दहेज प्रथा नाटक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक, अंधविश्वास पर आधारित नाटक जैसे अनेक प्रकार के प्रस्तुति का



मंचन कर स्वस्थ्य मनोरंजन करने सहित सामाजिक जागरुकता जनचेतना लाने के लिए अनेक प्रकार के समाज को प्रेरित करने वाले लोक नाटकों की प्रस्तुति दे रहे हैं। संस्था में धनेश्वर साहू, विष्णु यादव, पाल धुर्वा, भुषण नागेश, त्रिभुवन निषाद, गिरधारी पटेल, किर्तन पटेल, अमृत यादव, चुम्मन साहू, सुरेश साहू, मूलचंद चक्रधारी, संतोष यादव, भुखन साहू, रमेश धुरिया शामिल हैं।



### घर-घर सुआ नृत्य की प्रस्तुति

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में कार्तिक माह में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की पहचान पारंपरिक सुआ नृत्य घर-घर जाकर की जा रही है। इसमें पीहुउल ध्रुव, मोतीराम विश्वकर्मा, नागमत बाई ध्रुव, सीताबाई ध्रुव, हिरमोतीनी बाई ध्रुव, गायत्री बाई ध्रुव, चंपी बाई ध्रुव, बोहरा बाई ध्रुव, बिसाहिन बाई ध्रुव, निंदिया, रागिनी, निर्मला बाई यादव, सुनीता बाई ध्रुव शामिल है।

# छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ना हमारी अस्मिता, संस्कृति और मातृभूमि के सम्मान पर प्रहार: चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को तोड़े जाने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा है कि "छत्तीसगढ़ महतारी हमारे अस्तित्व, हमारी पहचान और हमारी मातृभूमि की प्रतीक हैं। उनकी मूर्ति को नुकसान पहुंचाना पूरे प्रदेश की भावनाओं का अपमान है। भाजपा सरकार के शासनकाल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, बोली-भाषा और तीज-त्योहार पर



लगातार हमला किया जा रहा है। यह घटना उसी मानसिकता का परिणाम है, जो छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़ी भावनाओं को कमजोर करना चाहती है।"

विधायक ने कहा कि जब भाजपा शासन में छत्तीसगढ़ महतारी जैसी मातृशक्ति के प्रतीक को भी नहीं छोड़ा गया, तब यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार की नीयत छत्तीसगढ़ की अस्मिता को मिटाने की है। उन्होंने कहा कि महतारी केवल मूर्ति नहीं, वह हर छत्तीसगढ़िया के हृदय में बसने वाली आस्था हैं। भाजपा सरकार के मौन और निष्क्रिय रवैये ने पूरे प्रदेश को दुख और रोष से भर दिया है। सरकार को तुरंत यह स्पष्ट करना चाहिए कि दोषियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई और क्या वह छत्तीसगढ़ की अस्मिता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है या नहीं?

**मुख्य अतिथि मुकेश ने की शुरुआत, बिसात पर चली घोड़े की ढाई घर की चाल**

# पिथौरा में जिला स्तरीय रैपिड शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

उजाला पैलेस में जीएच रायसोनी रैपिड शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव रहे। जबकि, अध्यक्षता जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. डीएन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद आशीष अग्रवाल तथा उजाला पैलेस के संचालक हरमिंदर सिंह उजाला मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुकेश यादव द्वारा शतरंज की बिसात पर घोड़े की ढाई घर चाल चलकर किया गया। उद्घाटन पश्चात जिला एवं राज्य शतरंज संघ



के सचिव हेमंत खुटे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महासमुंद जिले की शतरंज विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिला शतरंज संघ महासमुंद ने स्थापना से लेकर अब तक कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे आज यह जिला छत्तीसगढ़ के सक्रिय शतरंज जिलों में शामिल है। मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की कला है। उन्होंने



कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, धैर्य और रणनीतिक सोच को बढ़ावा देती हैं। अध्यक्ष डॉ. डीएन साहू ने कहा कि यह स्पर्धा जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन एवं कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य न केवल राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है, बल्कि खेलों के माध्यम से बेहतर नागरिक बनाना भी है। स्पर्धा में जिले भर से 73 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे तथा मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन थे। डिप्टी चीफ आर्बिटर के रूप में रामकुमार विश्वकर्मा ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अखिलेश कर ने किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक हेमंत खुटे ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्पर्धा की सफलता में राम उजाला, संजय श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव, सतीश दास मानिकपुरी, यशवंत चौधरी, कुनैन अहमद, तबस्सुम शेख एवं लुनेश्वरी बिसेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

